## महत्वपूर्ण एवं खास

### प्रेमी जोड़े ने ट्रेन के सामने कूदकर दी जान

**भिलाई-रायपुर (आरएनएस)।** दुर्ग में एक प्रेमी जोड़े ने ट्रेन के सामने खुद कर आत्महत्या कर ली युवती का नाम श्रेया बताया जा रहा है तो वहीं युवक का नाम राहुल है दरअसल पूरी घटना रात 3:00 बजे की है जब हावड़ा मुम्बई रूट पर चलने वाली गीतांजलि एक्सप्रेस के सामने प्रेमी युगल ने कूद कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली सूचना मिलते ही मौके पर जीआरपी थाने की पुलिस पहुंची पंचनामा कराया गया तो वही दोनों के शव को ममर्चुरी में रखवाया गया है फिलहाल परिजनों को सूचना भी दे दी गई है।

### अपराधियों से सांठगांठ, एसपी ने चार पुलिसकर्मियों को किया निलंबित

**दुर्ग-रायपुर (आरएनएस)।** पुलिस अधीक्षक दुर्ग ने अपराधियों के साथ सांठगांठ रखने वाले पुलिसकर्मियों को निलंबित कर लाइन अटैच कर दिया है। जारी आदेशानुसार थाना मोहन नगर के नारकोटि एक्ट के प्रकरण में प्रधान आरक्षक शाहिद खान, आरक्षक बेदराम बंधे तथा नारकेश्वर साहू एवं आरक्षक संतोषी सोनी की अपराधियों से मिलीभगत पाए जाने के चलते उक्त कर्मियों को तत्काल निलंबित कर पुलिस लाइन दुर्ग में संबंध किया गया है।

### जवानों का एसआईएस यूनिट चेन्नई के लिए हुआ चयन

**जशपुरनगर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप युवाओं को रोजगार से जोडऩे के लिए विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षण देकर योग्य कुशल बनाया जा रहा है और प्लेसमेंट के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार ने आज एसआईएस ट्रेनिंग सेंटर जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज जशपुर के 5 जवानों को परीक्षणरत प्लेसमेंट लेटर प्रदान किया गया। इन जवानों का एसआईएस यूनिट चेन्नई के लिए चयन हुआ है। जहां 32 हजार रुपए मासिक वेतन प्रदान किया जाएगा।

### सड़क हादसे में पांच कॉलेज छात्रों की मौत

**कांकेर (आरएनएस)।** जिले के भानुप्रतापपुर के अंतागढ़ मार्ग में भीषण सडक़ हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई है. तेज रफ्तार स्कॉर्पिओ ने दो बाइक को जोरदार टक्कर मार दी. इस हादसे में तीन युवक और दो युवतियों की मौके पर ही मौत हो गई है. सभी कॉलेज के छात्र बताए जा रहे हैं. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. इस दुर्घटना मे जीन दो युतियों की मौत हुई हैं उनका नाम कांति कावड़े, प्रियंका निषाद हैं बाकी तीन युवकों का नाम पता लगाया जा रहा हैं द्य

### आदतन बदमाश को किया गया जिलाबदर

**रायपुर (आरएनएस)।** थाना कबीर नगर क्षेत्र अंतर्गत वाल्मीकि नगर निवासी अनावेदक बदमाश आशु क्षत्रि पिता ईश्वर क्षत्रि उम्र 22 वर्ष को उसके आपराधिक गतिविधि पर अंकुश लगाने हेतु जिला दंडाधिकारी द्वारा दिनांक 20 नवम्बर 2024 को छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5(ख) के अंतर्गत अनावेदक के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाकर उसे रायपुर जिला एवं समीप वर्ती जिला दुर्ग, धमतरी, महासमुंद, बलौदाबाजार के राजस्व सीमाओं से निष्कासित (जिला बदर) आदेश 03 माह के लिये पारित किया गया था। बदमाश आशु क्षत्रि द्वारा उक्त आदेश का पालन नहीं कर दिनांक 26.12.2024 को बाल्मीकि नगर में घूमते पाए जाने से बदमाश आशु क्षत्रि को थाना कबीर नगर लाकर बदमाश के विरुद्ध अपराध क्रमांक 285/24 धारा- 223, 15 छ.ग. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 अपराध पंजीबद कर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। नाम आरोपी - आशु क्षत्री पिता ईश्वर क्षत्री उम्र 22 वर्ष निवासी- वाल्मीकि नगर थाना कबीर नगर जिला रायपुर।

### हत्या का फरार आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**कोरबा-रायपुर (आरएनएस)।** पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी द्वारा थाना/चौकी के प्रकरण में फरार आरोपिय की गिरफ्तारी हेतु दिये गये निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू.बी.एस चौहान व नगर पुलिस अधीक्षक विमल कुमार पाठक, दर्री, रूपक शर्मा निरीक्षक थाना प्रभारी कुसमुण्डा के मार्गदर्शन में प्रकरण के फरार आरोपी को गिरफ्तार करने के दिशा निर्देश प्राप्त होने पर आज दिनांक 27.12.24 को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर फरार आरोपी कमल कुंज दिनकर जोड़पुल सर्व मंगला के पास घूम रहा है इस सूचना पर सर्व मंगला पुलिस द्वारा तत्काल घेराबंदी कर फरार आरोपी को पकड़ा गया। आरोपी के द्वारा घटना दिनांक को मृतक वासुदेव यादव एवं शांता यादव का हत्या करना स्वीकार किया जिसे विधिक रूप से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय कटघोरा में न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया।

# रोमांचक एडवेंचर ट्रिप पर कैरीयर प्वाइंट वर्ल्ड स्कूल बिलासपुर के छात्रों ने लिया हिस्सा

**जशपुर देशदेखा क्लाइम्बिंग सेक्टर का किया दौरा**

**जशपुरनगर | आरएनएस**



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप जशपुर जिले में बढ़ते पर्यटन की सुविधा और असीम संभावनाओं को सार्थक रूप मिल रहा है। यहाँ जिला पर्यटन के क्षेत्र में पूरे राज्य सहित विदेशों में भी अपनी पहचान बना रही है। वही कैरीयर प्वाइंट वल्ड स्कूल बिलासपुर के आउटडोर क्लब के छात्रों ने 23 से 27 दिसंबर 2024 तक जशपुर देशदेखा क्लाइम्बिंग सेक्टर का दौरा किया। इस ट्रिप के दौरान छात्रों ने रॉक क्लाइम्बिंग, कैंपिंग, हाइकिंग और एग्रो टूरिज्म जैसी गतिविधियों जो कि ट्रिप स्कूल के आउटडोर क्लब की वार्षिक वर्कशॉप का हिस्सा था में भाग लिया।

यह लगातार दूसरा वर्ष है जब यह स्कूल जशपुर में अपनी आउटडोर क्लब वर्कशॉप के लिए आया है। स्कूल प्रशासन का कहना है कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य छात्रों को प्रकृति और एडवेंचर के करीब लाना है, जिससे वे नेतृत्व, टीम वर्क और आत्मनिर्भरता जैसे कौशल विकसित कर सकें एवं साथ ही ऐसी गतिविधियाँ छात्रों को पाठ्यक्रम से बाहर व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करती हैं और उन्हें भविष्य के लिए नई दृष्टि देती हैं तथा नए आयाम भी खोलती हैं। कैरीयर प्वाइंट वल्ड स्कूल का आउटडोर क्लब छत्तीसगढ़ क्लाइम्बिंग इनिशिएटिव द्वारा विकसित देश देखा क्लाइम्बिंग सेक्टर की अवधारणा से प्रेरित है, जिसे घूमंतू टूर्स और जशप्योर जैसे स्थानीय सहयोगियों का समर्थन प्राप्त है। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को एडवेंचर गतिविधियों और प्रकृति के प्रति आकर्षित करना है, जिससे वे इसे करियर विकल्प के रूप में देख सकें।

इस बार की यात्रा में छात्रों ने जशपुर के जनजातीय उद्यमियों से बातचीत की, जो जशप्यो ब्रांड से जुड़े हैं। उन्होंने जंगलों में उगाए गए प्राकृतिक उत्पादों के बारे में सीखा और जशप्योर द्वारा तैयार भोजन का स्वाद भी लिया। इसके अलावा, स्थानीय गाइड्स ने छात्रों को विभिन्न आउटडोर स्किल्स के साथ-साथ स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में भी जागरूक किया, एवं स्वच्छ भारत के मोटो को सार्थक करते हुए देशदेखा को साफ भी किया।

छात्रों ने स्थानीय उद्यमियों और खाद्य उत्पादकों से भी मुलाकात की और भोजन निर्माण प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त की

यह ट्रिप न केवल छात्रों के लिए एक शैक्षिक और रोमांचक अनुभव थी, बल्कि जशपुर क्षेत्र को एडवेंचर पर्यटन के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक और कदम साबित हुई। साथ ही देशदेखा के स्थानीय समुदाय को परमिट एवं अन्य सहायता के रूप में आर्थिक बढ़ावा भी मिला। समिति के अध्यक्ष विपिन जी का कहना है, शुरुआत में उन्हें समझ नहीं आया कि ऐसे एडवेंचर खेलों से गांव को क्या सहायता मिल सकती है, परन्तु देशदेखा क्लाइम्बिंग सेक्टर बनने के बाद से अमिति परमिट के रूप में पैसे आने शुरू हो गए हैं और स्थानीय महिलाएं दोना पत्तल बेच कर आजीविका अर्जित कर रही हैं।

## बलरामपुर : पवई फाल बना प्रमुख पिकनिक स्पॉट

**बलरामपुर | आरएनएस**



जिला मुख्यालय से महज 15 किलोमीटर दूरी पर स्थित दर्शनीय स्थल पवई फाल प्रमुख पिकनिक स्पॉट के रूप में जाना जाता है। वर्ष की विदाई और नए साल के स्वागत के लिए पवई फाल में सैलानियों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। यहां छत्तीसगढ़ के साथ-साथ झारखंड से भी बड़ी संख्या में सैलानी पिकनिक मनाने पहुंच रहे है।

जनपद पंचायत बलरामपुर के ग्राम खडिय़ाडामर से घने जंगल और पहाड़ के बीच पवई फाल स्थित है। यहां की नैसर्गिक खूबसूरती पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती है चारों तरफ पहाड़ों से घिरे पवई फ़ाल में बलरामपुर रामानुजगंज जिले से बड़ी संख्या में लोग पिकनिक मनाने आते हैं। वहीं दूसरे राज्य से भी पिकनिक मनाने पहुंच रहे है।पुराने साल की विदाई एवं नए साल के आगाज के पूर्व ही बड़ी संख्या में यहां सैलानियों का पहुंचना शुरू हो गया है। पवई फ़ाल तक जाने के लिए रास्ता काफी दुर्गम है। भीड़ अधिक होने पर वहां काफी दूरी पर खड़ा करना पड़ता है ऐसे में पवई फाल तक पैदल जाना पड़ता है। पवई फल में यदि बच्चों को ले जाते हैं तो विशेष सावधानी रखने की आवश्यकता रहती है।सेमरसोत अभ्यारण के रेंजर बनारसी सिंह ने बताया कि सैलानियों का पहुंचना प्रारंभ हो गया है जिसे देखते हुए रास्ते को दुरुस्त कराया जा रहा है।

जल्द हो जाता है यहां शाम...... पवई फाल चारों ओर पहाडिय़ों से घिरा रहने के कारण यहां शाम जल्दी हो जाता है। वही कड़ाके की ठंड भी रहती है ऐसे में यदि कोई भी सैलानी यहां जाते हैं तो उन्हें शाम ढलने से पहले यहां से जाने की आवश्यकता पड़ती है।

100 फीट ऊपर से गिरता है झरना पवई फाल का झरना आकर्षण का केंद्र है........ पवई फल में 100 फीट ऊंचाई से झरना गिरता है झरना को गिरते देखना अद्भुत आनंद प्रदान करती है। यहां सैलानियों के लिए झरना का गिरते देखना सबसे आकर्षक का केंद्र होता है।

3 नाला करना पड़ेगा पार, रखनी पड़ेगी सावधानी..... पवई फाल जाने के लिए तीन नाला पड़ता है जिसमें एक नाला से आसानी से चार चक्का वाहन पार हो जाता है। वहीं दो नाला से पार करना मुश्किल होता है।तीनों नाले में पानी बहता रहता है। पवई फाल जाने के लिए पतला पगडंडी वाला रास्ता रहता है जिसमें एक ओर खाई है दूसरी ओर पहाड़ है बहुत ही सावधानी रखनी पड़ेगी जाने के लिए।

सेल्फी लेना हो सकता है खतरनाक..... पवई फाल में 100 फीट ऊंचाई से गिरता झरना लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहता है। वही यहां पर पहुंचने वाले लोग चट्टान पर खड़े होकर सेल्फी लेते हैं यहां पर सेल्फी लेते समय काफी सावधानी बरतनी की आवश्यकता पड़ती है थोड़ी सी भी असावधानी दुर्घटना का कारण बन सकती है।

## ट्रेलर ने बाइक सवार दंपति को रौंदा, पत्नी की मौत

**भिलाई | आरएनएस**

भिलाई के सुपेला थाना क्षेत्र स्थित नेहरू नगर गुरूद्वारा के पास एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार दंपति को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में बाइक सवार महिला की मौत हो गई। वहीं उसका पति गंभीर रूप से घायल है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं ट्रेलर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार आम्रपाली निवासी राकेश अग्रवाल अपनी पत्नी कमलेश अग्रवाल के साथ बाइक से कहीं जा रहा था, तभी नेहरू नगर गुरुद्वारा के सामने ट्रेलर चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे महिला कमलेश ऊपर से ट्रक का पहिया गुजर गया। इस दर्दनाक हादसे में कमलेश का सिर धड़ से अलग हो गया। वहीं राकेश को भी गंभीर चोट आई। इधर इस घटना की खबर लगते ही 112 की टीम घटना स्तर पर पहुंची और घायल राकेश अग्रवाल को निजी अस्पताल पहुंचाया। वहीं कमलेश के शव को सुपेला अस्पताल के मर्चुरी में रखवाया गया है। इधर इस मामले की सुपेला पुलिस जांच में जुड़ गई है और वहां आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को भी खंगाल रही है ताकि हादसे का कारण स्पष्ट हो सके। बताया जा रहा है कि बाइक सवार को चपेट में लेने के बाद ट्रेलर चालक वाहन से फरार हो गया है।

## बिलासपुर-कोरबा मार्ग में संदिग्ध अवस्था में मिली युवक की लाश

**रतनपुर-रायपुर | आरएनएस**

बिलासपुर-कोरबा मार्ग के सिल्ली मोड़ पर शुक्रवार सुबह एक युवक की लाश मिली है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार कोरबा जिले के अंतर्गत पाली थाना क्षेत्र के ग्राम निर्धि निवासी विनय कश्यप पिता चंद्रकुमार कश्यप उम्र 28 वर्ष की रतनपुर स्थित हाईस्कूल चौक के पास ए व्ही नाम से मोबाइल दुकान का संचालन करता है जो रोज अपने घर से आना जाना करता है। गुरुवार की बीती रात 9:15 में वह अपने मोबाइल शॉप को बंद कर अपने घर जाने अपने बाइक क्र. 9226 में निकला था। जो देर रात तक अपने घर नहीं पहुंचा और न ही मोबाइल रिसीव कर रहा था जिसके कारण परिजन चिंतित होकर विनय को ढूंढने निकले जिसकी पूरी रात परिजन खोजबीन करते रहे लेकिन विनय का कोई पता नहीं चल पाया शुक्रवार सुबह सडक़ से गुजर रहे राहगीरों ने देखा कि रतनपुर से करीब 6 ्यरू.दूर सिल्ली मोड़ के पास सडक़ के नीचे बाइक समेत एक युवक की खून से लथपथ लाश पड़ी हुई है जिसके बाद घटना की सूचना परिजनों सहित पाली पुलिस को दी गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को सूचना दे आगे की जांच कार्यवाही में जुट गई है। वही इस मामले को युवक की हत्या होने के संदेह में भारी संख्या में पहुंचे परिजन और ग्रामीणों ने बिलासपुर – कोरबा मार्ग और बिलासपुर -पेंड्रा मार्ग पर चक्काजाम कर दिया है जहां पुलिस के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंचे हुए है जिनके द्वारा ग्रामीणों को समझाइश दी जा रही है।

## आचार संहिता जनवरी के प्रथम सप्ताह में कभी भी : साव

**रायपुर (आरएनएस)।** नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों के बीच नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय और पंचायत का चुनाव बैलट पेपर के जरिए होगा. 7 जनवरी के बाद कभी भी आचार संहिता लग सकती है.नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने मीडिया से चर्चा में कहा कि ईवीएम मशीन की तैयारी में समय लग रहा था, जिसके मद्देनजर बैलट पेपर से चुनाव का निर्णय किया गया है. चुनाव आयोग तैयारी कर रही है. उन्होंने बताया कि नगरीय निकाय चुनाव पर सरकार तैयारी कर रही है. नियमों में परिवर्तन हुआ है, आरक्षण की प्रक्रिया हो रही है. सरकार जल्द से जल्द चुनाव करने प्रतिबद्ध है. मंत्री अरुण साव ने बताया कि आरक्षण की प्रक्रिया और महापौर के लिए 7 तारीख निर्धारित की है. जैसे ही आरक्षण की प्रक्रिया समाप्त होगी, चुनाव आयोग को उसको सूचना भेजी जाएगी. उन्होंने बताया कि हमने नई व्यवस्था की है, कई नियमों में परिवर्तन किया गया है. कानून में परिवर्तन कर हमने व्यवस्था की है. उन्होंने बताया कि हर तीन महीने में मतदाता सूची बनाने का निर्णय लिया है, जिससे छूटे हुए नाम को जोड़ा जा सके. तेज गति से हम चुनाव की प्रक्रिया में आगे बढ़ रहे हैं. बोर्ड परीक्षा मार्च में शुरू हो रही है. निश्चित रूप से परीक्षाओं से पहले हम चुनाव करा लेंगे, ऐसी हमें पूरी उम्मीद है।

## 6 जुआरियों से 2420 रुपए जब्त

**पलारी-रायपुर | आरएनएस**

थाना पलारी पुलिस द्वारा जुआ, सट्टा आदि अंवैधानिक कार्यों में लिप्त आरोपियों एवं अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 27.12.2024 को थाना पलारी पुलिस द्वारा ग्राम लरिया में जुआ खेलते हुए 06 जुआरियो को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी जुआरियों से नगदी ?2420 एवं 52 पत्ती ताश जप्त किया गया है। आरोपी जुआरियों के विरूद्ध थाना पलारी में छ.ग. जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया है।

आरोपी जुआरियों के नाम :-

1. राजेश मारकंडे उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम लरिया थाना पलारी
2. हेमलाल यादव उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम लरिया थाना पलारी
3. भागबली सोनवानी उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम खपरी ब थाना पलारी
4. जगेशर यादव उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम लरिया थाना पलारी
5. साधराम रात्रे उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम लरिया थाना पलारी
6. दयाशंकर मांजरे उम्र 59 वर्ष निवासी ग्राम लरिया थाना पलारी

## 12.130 किलोग्राम गांजा के साथ दो गिरफ्तार

**कवर्धा-रायपुर | आरएनएस**

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह (आईपीएस) के निर्देशन में थाना चिल्फी एवं सायबर सेल की संयुक्त त्वरित कार्रवाई में 12.130 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा, जिसकी अनुमानित कीमत 1,20,000 है, जब्त किया गया है। इस कार्रवाई में आरोपी नरेन्द्र कामड़े (22 वर्ष) निवासी दोशीटोला, थाना बिरसा, जिला बालाघाट, मध्यप्रदेश, और नारायण यादव (28 वर्ष) निवासी वार्ड नं. 08, पोस्ट ऑफिस के पीछे, गंडई, जिला खैरागढ़ (वर्तमान पता: दोशीटोला, थाना बिरसा, जिला बालाघाट, मध्यप्रदेश) को गिरफ्तार किया गया। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार कबीरधाम पुलिस जिले में मादक पदार्थ, सट्टा, जुआ और अन्य अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त अभियान चला रही है। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह (आईपीएस), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल और एसडीओपी कृष्ण कुमार चंद्राकर के नेतृत्व में यह अभियान सतत रूप से जारी है।

दिनांक 26.12.2024 को सायबर सेल को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि रेंगाखार-चिल्फी तिराहे पर दो व्यक्ति संदिग्ध बैग लेकर ग्राहक की तलाश में खड़े हैं। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना चिल्फी और सायबर सेल की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई की। टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों व्यक्तियों को रोककर पूछताछ की। उनके बैग से खाकी टेप से लिपटे 6 पैकेट बरामद हुए, जिनमें कुल 12.130 किलोग्राम गांजा पाया गया। आरोपियों ने बताया कि वे इसे बिक्री के लिए ग्राहक की तलाश में खड़े थे। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर थाना चिल्फी में अपराध क्रमांक 42/24 धारा 20(क्च)(द्बद्ब)(क्च) एनडीपीएस एक्ट के तहत विधिसंगत कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में थाना चिल्फी से निरीक्षक उमाशंकर राठौर एवं उनकी टीम तथा सायबर सेल से निरीक्षक आशीष कंसारी, प्रधान आरक्षक चुम्मन साहू, वैभव सिंह कलचुरी, पियुष मिश्रा, आरक्षक अमित ठाकुर, आकाश राजपूत, और शैलेन्द्र निषाद ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सूनसान इलाकों में पुलिस ने चलाया सरप्राइज चेकिंग

**कवर्धा-रायपुर | आरएनएस**

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह (आईपीएस) के निर्देशन में कबीरधाम पुलिस द्वारा जिले में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार दिनांक 26.12.2024 की रात्रि में कोतवाली पुलिस और डीआरजी की टीम ने घुघरी रोड स्थित अटल आवास और शहर के अन्य सुनसान इलाकों में सरप्राइज चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध वाहन पुलिस को देख भागने का प्रयास करते हुए पकड़ा गया। उसकी जांच करने पर यह पाया गया कि वह शराब के नशे में वाहन चला रहा था। पुलिस ने उसे मोटर वाहन अधिनियम की धारा 185 के तहत गिरफ्तार किया और माननीय न्यायालय में इस्तगासा पेश किया। माननीय न्यायालय ने आरोपी पर ?10,000 का जुर्माना लगाया। चालक का नाम अब्बास खान पिता अयूब खान, उम्र 22 साल ग्राम बंधटोला, थाना बोड़ला। इस विशेष अभियान का सकारात्मक प्रभाव अब शहर में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। पुलिस की कड़ी निगरानी और सख्त कार्रवाई के चलते देर रात तक खुली दुकानें, पान ठेले, होटल आदि अब समय पर बंद हो रहे हैं। इसके साथ ही, रात के समय अनावश्यक रूप से घूमने वाले लोगों की संख्या में भी उल्लेखनीय कमी आई है। चेकिंग अभियान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल और पंकज पटेल के मार्गदर्शन में डीएसपी कृष्ण कुमार चंद्राकर, प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ सिंह चौहान,थाना प्रभारी लालजी सिन्हा और थाना कोतवाली तथा डीआरजी टीम के जवानों द्वारा चलाया जा रहा है। पुलिस टीम ने अटल आवास परिसर और आसपास के इलाकों में गश्त करते हुए संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि यह अभियान असामाजिक तत्वों पर रोक लगाने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। नियमित गश्त और चेकिंग से शहर में अपराधों में कमी आई है। उन्होंने बताया कि कबीरधाम पुलिस जिले को सुरक्षित और अपराधमुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। पुलिस द्वारा देर रात तक खुले दुकानों को बंद कराने और संदिग्धों पर कड़ी कार्रवाई के कारण शहर में शांति और व्यवस्था स्थापित हो रही है। स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने इस अभियान की सराहना करते हुए इसे सकारात्मक कदम बताया। सिंह ने कहा कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा, ताकि शहर में अपराधों पर पूर्ण नियंत्रण किया जा सके और कानून का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जा सके।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU